महावीर इन्टरकांटिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन, गुवाहाटी के कार्यक्रम में मानजीय राज्यपाल का अभिभाषण

दिनांक 29 सितम्बर 2023, शुक्रवार	**समय : 6:00 PM**	**स्थान : धारापुर, गुवाहाटी**

- ओडिसा सरकार में योजना एवं अभिसरण विभाग के माननीय श्री राजेंद्र ढोलकिया जी,
- संस्था के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद श्री पुष्प जैन जी,
- अंतर्राष्ट्रीय महासचिव श्री लोकेश कावड़िया जी
- अंतर्राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री अशोक जैन जी,
- गुवाहाटी क्षेत्र के अध्यक्ष श्री अशोक छाबड़ा जी
- कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अतिथिगण
- संस्था के सम्मानित कार्यकर्तागण
- देवियों और सज्जनों,

नमस्कार !

दिव्यांग बच्चों के इस कौशल विकास कार्यशाला में आप सबके बीच उपस्थित होकर मुझे प्रसन्नता हो रही है। आज मुझे इस पांच दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके लिए मैं महावीर इन्टरकांटिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन के कर्णधारों को हृदय से धन्यवाद देता हूं।

महावीर इंटरकांटिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन (MISO) एक गैर-सरकारी सामाजिक संस्था है, जो "सेवा", "संस्कार" और "स्वावलम्बन" के सिद्धांत के साथ देश में कौशल विकास और स्वरोजगार को बढ़ावा देने का सराहनीय कार्य कर रही है। मुझे बताया गया है कि यह संस्था नई दिल्ली और छत्तीसगढ़ में सक्रिय रूप से कार्यरत है। अब गुवाहाटी में भी संस्था की नई इकाई की शुरुआत की गई है।

मुझे बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि संस्था का गुवाहाटी चैप्टर अपने सेवा कार्य की शुरुआत दिव्यांग बच्चों के लिए इस कौशल विकास कार्यशाला से कर रही है। मैं इसके लिए मिसो (MISO) के गुवाहाटी चैप्टर के अध्यक्ष श्री अशोक छाबड़ा को हार्दिक बधाई देता हूं और कार्यशाला की सफलता के लिए शुभकामना देता हूं।

मिसो ने सेवा, संस्कार व स्वावलम्बन के अपने सिद्धांत को साकारात्मक कार्य करते हुए सार्थक किया है। यह जान कर बेहद खुशी हुई कि संस्था ने अब तक देशभर में करीब 41000 लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित कर रोजगार भी उपलब्ध कराया है। इसके अलावा संस्था नशे के कारण टूटते परिवारों को आपसी समझाइस से जोड़ने का भी अनूठा कार्य कर रही है।

मुझे बताया गया है कि कोरोना काल में सुरक्षा के लिए संस्था ने मास्क, पीपीई किट के अलावा बेबी किट, राशन, आखों के मोतियाबिंद का इलाज, कानो की मशीन के वितरण के साथ साथ 30 हजार डायलिसिस की भी व्यवस्था और कई अन्य सामाजिक कार्य किए हैं। मुझे विश्वास है कि इसी सिद्धांत के साथ मिसो का गुवाहाटी चैप्टर भी कौशल विकास और स्वरोजगार को बढ़ावा देने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा।

मित्रों,

केंद्र सरकार मानव विकास के क्षेत्र में अच्छा काम कर रही है। सरकार की योजनाओं से दिव्यांगजनों और सक्षम लोगों के बीच की असमानता कम हो गई हैं। सरकार दिव्यांगजनों को आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक और अन्य क्षेत्रों से जोड़ने का प्रयास कर रही है। दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करने तथा उनके अधिकारों और सरकार की लाभकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष प्रयास किया जा रहा है। भारत सरकार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय का दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग देश में दिव्यांगजन के सशक्तिकरण के लिए कई तरह की योजनाओं का संचालन करता है।

असम सरकार ने भी दिव्यांगों की सहायता के लिए अलग से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता निदेशालय बनाया है, जो बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के विकास के लिए समर्पित भाव से काम कर रहा है।

मुझे बताया गया है कि इस कार्यशाला में देश के विभिन्न प्रदेशों से बोलने और सुनने में असमर्थ दिव्यांग बच्चे भाग ले रहे हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि ये दिव्यांग बच्चे यहां कुछ नया सीखेंगे और स्वरोजगार के लिए प्रेरणा प्राप्त करेंगे।

प्रशिक्षण के साथ-साथ प्रोत्साहन की भी जरूरत होती है। विशेषकर दिव्यांग बच्चों को प्रशिक्षण देने के साथ-साथ उद्यमिता एवं स्वरोजगार के लिए उन्हें प्रेरित भी करना चाहिए। उनमें आत्मविश्वास जगाना चाहिए।

मूक-बधिरों को प्रोत्साहन और सहयोग मिले तो वे भी ऊंचाइयों को छू सकते हैं ऐसे सद्प्रयासों से ही हम बधिरों एवं अन्य दिव्यांगजों को प्रोत्साहित कर सकेंगे ताकि वे भी मां भारती की सेवा में अपना भी योगदान दे सकेंगे। एक बार फर मैं कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं देता हूँ।

धन्यवाद। जय हिन्द।